## न्यायालय न्याय निर्णयन अधिकारी (अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट) बांसवाड़ा (राजस्थान)

## पीठासीन अधिकारी – अभिषेक गोयल, RAS

अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट, बांसवाड़ा
प्रकरण संख्या : 13/2024
रजिस्ट्रेशन नं. :2024/14

राजस्थान राज्य जरिये खाद्य सुरक्षा अधिकारी बॉसवाडा (राज)

बनाम

अभियुक्त :–

1. श्री कायद जौहर पुत्र श्री शब्बीर निवासी नई आबादी, गोल चौराहा, बांसवाडा (विक्रेता/ मालिक) मैसर्स मरजान ग्रोसरी, नई आबादी गोल चौराहा, बांसवाडा
2. श्री नगीन लाल पुत्र रुप चन्द शाह (विक्रेता/ मालिक) मैसर्स शाह एजेन्सी, कस्टम चौराहा, बांसवाडा
3. श्री अशोक कुमार जैन पुत्र श्री शंकरलाल जैन निवासी वार्ड नं. 6, आदित्यवाडा (विक्रेता/ मालिक) मैसर्स अशोक कुमार शंकरलाल जैन, सागवाडा

## अपराध अन्तर्गत धारा 26 की उपधारा 2(ii) खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006, नियम 2011

## निर्णय

दिनांक 11–03–2024

संक्षेप में प्रकरण के तथ्य इस प्रकार है कि **श्री शशिकांत शर्मा** खाद्य सुरक्षा अधिकारी कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बॉसवाडा (राज.) के द्वारा दिनांक **11–01–2024** को यह प्रकरण इस आशय का पेश किया गया कि दिनांक **19–01–2023** को 5.00 पी.एम. बजे बाहैसियत खाद्य सुरक्षा अधिकारी खाद्य पदार्थो की जाँच हेतु **मैसर्स मरजान ग्रोसरी, नई आबादी गोल चौराहा, बांसवाडा** पर पहुंचा। इस समय संस्थान पर **श्री कायद जौहर पुत्र श्री शब्बीर** उपस्थित थे। **विक्रेता एवं गवाहान् की उपस्थिति में मरजान ग्रोसरी, नई आबादी गोल चौराहा, बांसवाडा** का निरीक्षण करने पर दुकान में घी (महान) 500 एम.एल के 8 पैकेट विक्रय हेतु रखे थे। **उक्त घी (महान)** में गुणवत्ता की कमी/मिसब्रांड का शक होने पर विक्रेता को गवाहान की उपस्थिति में फार्म नं.5ए पर सूचना देकर घी (महान) के 4 पैकेट प्रत्येक में **500 एम.एल** वास्ते नमुना जॉच हेतु खरीदा तथा इनकी कीमत 1080/– रु. विक्रेता को चुका कर रसीद प्राप्त की। जिस पर विक्रेता तथा गवाहान के हस्ताक्षर करवाये एवं तस्दीक

Signature Not Verified
Digitally signed by Abhishek Goyal
Date: 2024.04.03 15:39:38 IST
Reason: SelfAttested

कर स्वयं खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने हस्ताक्षर किये। नमुना जॉच हेतु खरीदशुदा घी (महान्) **के 4 पैकेट प्रत्येक में 500 एम.एल के चार नमूना भाग तैयार कर प्रत्येक भाग** पर तैयार किये गये लेबल, जिस पर डी.ओ एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, बॉसवाडा का कोड क्रमांक **W-1276** प्रत्येक नमूना भाग पर चिपकाकर प्रत्येक नमूना भाग को धागे से बांध कर नियमानुसार सील चपडी किया गया। प्रत्येक नमूना भाग पर मालिक एवं गवाह के हस्ताक्षर करवाये। सील बंद नमूनो पर गवाहो के हस्ताक्षर कराकर नमूने का सम्पूर्ण विवरण लिखकर हस्ताक्षर कर चारो नमूना भागो को अपने कब्जे में लिया। एक नमूना मय फार्म न. 6 की एक प्रति आउटर कवर में चपडी से सील मोहर कर, दो फार्म न. 6 की प्रति अलग से एक लिफाफा में बन्द कर, चपडी से सील मोहर कर दो सीलबन्द नमूना तथा शेष नमूने का चौथा भाग मय फार्म नं. 6 की प्रतिया आउटर कवर में चपडी से सील बन्द कर, सील मोहर कर अभिहित अधिकारी खाद्य सुरक्षा एवं मुख्य चिकि. एवं स्वा. अधिकारी, बॉसवाडा एवं खाद्य विश्लेषक, जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला बॉसवाडा को जमा करवाया।

अभिहित अधिकारी खाद्य सुरक्षा एवं मुख्य चिकि. एवं स्वा. अधिकारी, बॉसवाडा के पत्रांक एफ.एस.एस.ए / 2023 / 53 दिनांक 06–02–2023 एव खाद्य विश्लेषक, जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला बॉसवाडा से प्राप्त जांच रिपोर्ट क्रमांक 75 दिनांक 31–01–2023 अनुसार विक्रेता से वास्ते नमूना जांच हेतु क्रय किया गया **घी (महान्)** का नमुना कोड क्रमांक **W-1276** Substanderd food under section 3(1)(zx) of food safety and standerds act 2006 पाया गया। **श्री कायद जौहर पुत्र श्री शब्बीर** को पत्र लिखकर फर्म से सम्बन्धित सूचना चाहने व अग्रीम बिल की सूचना चाहने पर **मैसर्स शाह एजेन्सी, कस्टम चौराहा, बांसवाडा** का अग्रीम खरीद बिल प्रस्तुत किया। **मैसर्स शाह एजेन्सी, कस्टम चौराहा, बांसवाडा** को पत्र लिख कर फर्म से सम्बन्धित सूचना चाहने पर बताया गया कि **मैसर्स अशोक कुमार शंकरलाल जैन, सागवाडा** से क्रय किया गया है। विक्रेता द्वारा **घी (महान्)** का विक्रय कर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 व नियम 2011 की धारा 26 की उपधारा 2(ii) का उल्लंघन किया है। विक्रेता को उक्त अधिनियम की धारा 51 के अन्तर्गत जुर्माने से दण्डित करने निवेदन किया।

प्रकरण दिनांक 11–01–2024 को दर्ज रजिस्टर किया जाकर आरोपीगणो को जरिये समन तलब किया गया।

Signature Not Verified
Digitally signed by Abhishek Goyal
Date: 2024.04.03 15:39:38 IST
Reason: SelfAttested

दिनांक 12–02–2024 को अप्रार्थी सं. 1 ने तथा दिनांक 26.02.2024 को अप्रार्थी सं. 2 व 3 नेउपस्थित होकर प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत अपना अपराध स्वीकार कर निवेदन किया कि न्यायालय जो भी जुर्माना करे, वह स्वीकार है।

अभिहित अधिकारी खाद्य सुरक्षा एवं मुख्य चिकि. एवं स्वा. अधिकारी, बॉसवाडा के पत्रांक एफ.एस.एस.ए / 2023 / 53 दिनांक 06–02–2023 एव खाद्य विश्लेषक, जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला बॉसवाडा से प्राप्त जांच रिपोर्ट क्रमांक 75 दिनांक 31–01–2023 अनुसार विक्रेता से वास्ते नमूना जांच हेतु क्रय किया गया **घी (महान्)** का नमुना कोड क्रमांक **W-1276** Substanderd food under section 3(1)(zx) of food safety and standerds act 2006 पाया गया है। प्रकरण में अभियुक्तगणो द्वारा स्वयं अपराध स्वीकार किया है। ऐसी स्थिति में अब किसी अन्य साक्ष्य की आवश्यकता प्रतित नही होती हैं। इस कारण प्रकरण का अंतिम निस्तारण किया जाना हम उचित समझते है।

अतः खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 की धारा 3(1)(zx) के तहत सबस्टेण्डर्ड पाया गया **घी (महान्)** को विक्रय करके खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 व नियम 2011 की धारा 26 की उपधारा 2(ii) का उल्लंघन होना पाया गया। जिसका जुर्माना खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम–2006 व नियम 2011 की धारा 51 में निर्धारित है। अतः आरोपीगणो को दोष सिद्ध घोषित किया जाकर अप्रार्थी **श्री कायद जौहर पुत्र श्री शब्बीर निवासी नई आबादी, गोल चौराहा, बांसवाडा (विक्रेता / मालिक) मैसर्स मरजान ग्रोसरी, नई आबादी गोल चौराहा, बांसवाडा को रूपये 5000 / – (अक्षरे पॉंच हजार रुपया मात्र), श्री नगीन लाल पुत्र रुप चन्द शाह (विक्रेता / मालिक) मैसर्स शाह एजेन्सी, कस्टम चौराहा, बांसवाडा को रूपये 10000 / – (अक्षरे दस हजार रुपया मात्र), श्री अशोक कुमार जैन पुत्र श्री शंकरलाल जैन निवासी वार्ड नं. 6, आदित्यवाडा (विक्रेता / मालिक) मैसर्स अशोक कुमार शंकरलाल जैन, सागवाडा को रूपये 25000 / – (अक्षरे पच्चीस हजार रुपया मात्र)से दण्डित कर** खाद्य सुरक्षा एवं मानक नियम 2011 के 3.1.2 के बिन्दू संख्या 3 में उल्लेखित आय मद 0210–चिकित्सा तथा लोक स्वास्थ्य, 04–लोक स्वास्थ्य, 800–अन्य प्राप्तियां, (03)–खाद्य सुरक्षा कानून के अन्तर्गत अनुज्ञा–पत्र शुल्क आदि में उक्त जुर्माना राशि तीन दिवस में राजकोष में जमा कराकर चालान की प्रति इस न्यायालय में पेश करने आदेश जारी किये।

निर्णय आज दिनांक 11–03–2024 खुले न्यायालय में सुनाया गया।

Signature Not Verified
Digitally signed by Abhishek Goyal
Date: 2024.04.03 15:39:38 IST
Reason: SelfAttested

(अभिषेक गोयल)
न्याय निर्णयन अधिकारी
(अति० जिला मजिस्ट्रेट)
बांसवाड़ा (राज.)